भारत सरकार

गृह मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1581

दिनांक 03.05.2016/13 वैशाख, 1938 (शक) को उत्तर के लिए

सीमा विवाद

1581. श्री अशोक महादेवराव नेतेः

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केन्द्र सरकार को कर्नाटक के साथ महाराष्ट्र की सीमा के संबंध में महाराष्ट्र राज्य की सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त प्रस्ताव की वर्तमान स्थिति क्या है; और
(ग) उक्त प्रस्ताव को कब तक अंतिम रूप दिए जाने की संभावना है तथा इसमें विलंब के क्या कारण हैं?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री **(श्री हरिभाई परथीभाई चौधरी)**

(क) से (ग): जी, हां। महाराष्ट्र और कर्नाटक के बीच सीमा विवाद को सुलझाने की दृष्टि से, केन्द्र सरकार ने एक-सदस्यीय महाजन आयोग गठित किया था जिसने अगस्त, 1967 में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी थी। कर्नाटक सरकार महाजन आयोग की सिफारिशों को सम्पूर्ण रूप में कार्यान्वित करने पर अडिग है, जबकि महाराष्ट्र सरकार आयोग की सिफारिशों को स्वीकार नहीं करती है। महाराष्ट्र सरकार ने भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय में एक मामला दायर किया है, जो शीर्ष न्यायालय में लंबित है।